हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-110007

चयन आधारित क्रेडिट पद्धति (सी.बी.सी.एस.) के अनुसार

एम.ए. (हिंदी) दो वर्षीय पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम विवरणिका

(शैक्षणिक सत्र : जुलाई, 2019 से आरंभ)

एम. ए. (हिन्दी) LOCF

प्रस्तावना - एम. ए. हिन्दी स्नातकोत्तर स्तर का कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी के विवेक को विस्तार देते हुए गहन अध्ययन तथा शोध की उत्कंठा विकसित करना है| ज्ञान की शाखाओं के साथ-साथ आज विश्व को सजग, आलोचनात्मक, विवेकशील और सम्वेदनशील व्यक्तित्व की आवश्यकता है, जो समाज की नकारात्मक शक्तियों के विरुद्ध समानता और बंधुत्व के भाव की स्थापना कर सके| साहित्य का अध्ययन मनुष्य को इस संदर्भ में विस्तार देता है तथा मानवता की विजय में उसके विश्वास को दृढ़ करता है| भाषा, आलोचना, काव्यशास्त्र का अध्ययन जहाँ सैद्धांतिक समझ को विस्तृत करता है वहीं कविता, नाटक, कहानी में उन सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझने की युक्तियाँ छिपी रहती हैं| इस प्रकार एम.ए. हिंदी का पाठ्यक्रम विद्यार्थी को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों रूपों में सक्षम बनाता है| साथ ही पाठ्यक्रम की संरचना इस बात की आजादी भी देती है कि वह मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम में अपनी इच्छा से विभिन्न विषयों को पढ़ सके|

उद्देश्य (Objectives)

एम. ए. पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी को स्नातक के पश्चात विषयों के गम्भीर अध्ययन की ओर प्रेरित करना है| एम. ए. पाठ्यक्रम को 4 सेमेस्टर में विभाजित करते हुए 98 क्रेडिट के रूप में प्रस्तुत किया गया है| मूल पाठ्यक्रम के 14 प्रश्नपत्रों का विभाजन तीन सत्रों में किया गया है, साथ ही चतुर्थ सत्र में ऐच्छिक प्रश्नपत्र तथा द्वितीय-चतुर्थ सत्र में मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम का प्रावधान है जिससे विद्यार्थी की अंतर-अनुशासनिक समझ का भी विस्तार होता है| सभी विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट कार्य का भी प्रावधान है जिससे भविष्य में शोध की राहें भी सुगम हो सकें|

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य भाषा और समाज के जटिल सम्बन्धों की पहचान कराना भी है जिससे विद्यार्थी देश, समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ बदलते समय में व्यापक सरोकारों से अपना सम्बन्ध जोड़ सके साथ ही उसके भाषा कौशल, लेखन और सम्प्रेषण क्षमता का विकास हो सके| भाषाविज्ञान, शैली विज्ञान, अनुवाद, सौन्दर्य शास्त्र, जनसंचार माध्यम, हिन्दी साहित्य, भारतीय साहित्य और प्रयोजनमूलक भाषाविज्ञान आदि विषयों का अध्ययन विद्यार्थी के क्षितिज का विस्तार करने में सहायक है|

परिणाम (Outcomes)

इस पाठ्यक्रम को पढ़ने-पढ़ाने की दिशा में निम्नलिखित परिणाम सामने आएंगे :-

1) इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में हिंदी भाषा के आरंभिक स्तर से अब तक के बदलते रूपों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकेगी ।

2) भाषा के सैद्धांतिक रूप के साथ-साथ व्यावहारिक पक्ष को भी जाना जा सकेगा ।

3) उच्च शैक्षिक स्तर पर हिंदी भाषा किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, इससे संबंधित परिणाम को प्राप्त किया जा सकेगा ।

4) छात्र हिन्दी भाषा को सीखने की प्रक्रिया में भाषागत मूल्यों को व्यावहारिक रूप से भी जान सकेंगे।

5) व्यावसायिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए भाषा, अनुवाद, कम्प्यूटर और सिनेमा जैसे विषयों को हिन्दी से जोड़कर पढ़ाना जिससे बाज़ार के लिए आवश्यक योग्यता का भी विकास किया जा सके|

6) हिंदी के अतिरिक्त भारतीय साहित्य का ज्ञान भी अपेक्षित रहेगा जो छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा तथा अभिव्यक्ति क्षमता का विकास भी किया जा सकेगा ।

7) साहित्य के माध्यम से सौंदर्यबोध, नैतिकता, पर्यावरण और सामाजिक समरसता संबंधी विषयों की समझ विकसित होगी|

8) साहित्य की विधाओं के माध्यम से विद्यार्थी की रचनात्मकता को दिशा देना| कविता, कहानी और नाटक जैसी विधाओं द्वारा विद्यार्थी की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना |

9) साहित्य के आदिकालीन सन्दर्भों से लेकर समकालीन रूप से परिचित कराना जिससे विद्यार्थी साहित्यकार और युगबोध के सम्बन्ध को परख और पहचान सके |

10) साहित्य विवेक का निर्माण करते हुए सूचना-प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में हिन्दी के दखल की जानकारी देकर मीडिया के प्रति आस्वादन का निर्माण करना |

11) प्राचीन और नवीन भारतीय एवं पाश्चात्य सौन्दर्य सिद्धांतों तथा काव्यशास्त्रीय प्रतिमानों का अध्ययन – विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी |

शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया (Teaching Learning Process)

सीखने की प्रक्रिया में इस पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा दक्षता को मजबूती देना है। छात्र हिंदी भाषा में नयेपन और वैश्विक माध्यम की निर्माण प्रक्रिया में सहायक बन सकें। अपनी भाषा में व्यवहार कुशलता एवं निपुणता प्राप्त कर सकें। साहित्य की समझ विकसित हो सके तथा आलोचनात्मक ढंग से साहित्यिक विवेक निर्मित किया जा सके। इसके लिए निम्नांकित बिन्दुओं को देखा जा सकता है –

कक्षा व्याख्यान
सामूहिक चर्चा
सामूहिक परिचर्चा और चयनित विषयों पर आधारित सेमिनार आयोजन
साहित्यिकता की समझ देना
प्रदर्शन कलाओं को वास्तविक रूप में देखना
कक्षाओं में पठन- पाठन पद्धति
लिखित परीक्षा
आंतरिक मूल्यांकन
शोध सर्वे
वाद –विवाद
आशु प्रस्तुति
कम्प्यूटर आदि का व्यावहारिक ज्ञान
दृश्य श्रव्य माध्यमों की जानकारी व्यावहारिक रूप से देना
काव्य वाचन,पठन और आलोचनात्मक मूल्यांकन
कथा पाठ और वाचन में अंतर समझाना
आलोचनात्मक मूल्यांकन पर बल

मूल्यांकन विधि (Assessment Method)

(1) हिंदी भाषा के व्यावहारिक मूल्यों पर आधारित परियोजना कार्य व मूल्यांकन।

(2) भाषिक नमूने तैयार करना और विश्लेषण

(3) विद्यार्थियों का मौखिक और लिखित मूल्यांकन

(4) पी.पी.टी. (Power Point Presentation) बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। इस माध्यम से हिंदी की विविध विधाओं को दृश्य माध्यम से रुचिकर रूप से जाना जा सकेगा।

(5) विधा विशेष के भाव - सौंदर्य के अतिरिक्त छंद, अलंकार, रस, गुण, शब्द आदि के सौंदर्य से भी आधुनिक सन्दर्भ में परिचित कराया जाना चाहिए।

(6) भाव विश्लेषण के लिए विधा आधारित प्रश्नोत्तरी कर मूल्यांकन करना।

(7) पारम्परिक और आधुनिक तकनीकी माध्यमों की सहायता से अध्ययन-अध्यापन

(8) समूह-परिचर्चा

(9) सेमेस्टर अंत परीक्षा के माध्यम से विषयगत जानकारी का मूल्याँकन

<u>पाठ्यक्रम विवरणिका</u>

एम.ए. (हिंदी) दो वर्षीय पाठ्यक्रम

<u>भूमिका</u>

सेमेस्टर पद्धति को लागू करने की दृष्टि से एम.ए. (हिंदी) का प्रस्तुत पाठ्यक्रम अपेक्षित संशोधन एवं परिवर्धन के बाद वर्ष 2009-2010 में लागू किया गया था। सी.बी.सी.एस. पद्धति के अनुसार यह पाठ्यक्रम वर्ष 2018-2019 के प्रथम सेमेस्टर से लागू किया जाएगा। पाठ्यक्रम एवं प्रश्नपत्रों के प्रारूप तथा अंक-विभाजन में अपेक्षित एवं समुचित परिवर्तन किए गए हैं। प्रस्तावित पुस्तकों की सूची भी अद्यतन की गई है।

<u>संबद्धता</u> : हिंदी विभाग द्वारा प्रस्तावित यह पाठ्यक्रम उत्तर एवं दक्षिण परिसर, दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए होगा।

<u>पाठ्यक्रम-संरचना :</u>

एम.ए. (हिंदी) का यह पाठ्यक्रम दो वर्षीय पाठ्यक्रम होगा, जिसे दो भागों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक भाग में दो-दो सेमेस्टर होंगे, जिन्हें सेमेस्टर-I, II, III और IV माना जाएगा :

भाग	वर्ष	सेमेस्टर	
भाग-I	प्रथम वर्ष	सेमेस्टर-I	सेमेस्टर-II
भाग-II	द्वितीय वर्ष	सेमेस्टर-III	सेमेस्टर-IV

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा निर्मित एवं दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत चार सेमेस्टर के चयन आधारित क्रेडिट पद्धति (सी.बी.सी.एस.) के अंतर्गत सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तथा मूल्यांकन-पद्धति को तैयार किया गया है। प्रत्येक छात्र को उत्तीर्ण होने के लिए एम.ए. उपाधि के अंतर्गत कुल 98 क्रेडिट अर्जित करने होंगे।

सेमेस्टरवार प्रश्नपत्रों का विवरण इस प्रकार होगा :

एम.ए. (हिंदी) दो वर्षीय पाठ्यक्रम–वर्ष 2018 से आरंभ

क्रेडिट पाठ्यक्रम पद्धति

(Course Credit Scheme)

सेमेस्टर (Semester)	मूल पाठ्यक्रम (Core Course)			ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Elective Course)			मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Open Elective Course)			कुल क्रेडिट (Total Credits)
	प्रश्नपत्रों की संख्या No. of Papers	क्रेडिट Credits (L+T)	कुल क्रेडिट Total Credits	प्रश्नपत्रों की संख्या No. of Papers	क्रेडिट Credits (L+T)	कुल क्रेडिट Total Credits	प्रश्नपत्रों की संख्या No. of Papers	क्रेडिट Credits (Lecture) (L+P)	कुल क्रेडिट Total Credits	
I	0**5**	4+1=**5**	5x5=**25**	---	---	---	---	---	---	**25**
II	0**4**	4+1=**5**	5x4=**20**	---	---	---	01	04	**04**	**24**
III	0**5**	4+1=**5**	5x5=**25**	---	---	---	---	---	---	**25**
IV	---	---	---	0**4**	4+1=**5**	4X5= **20**	01	04	**04**	**24**
Total Number of Papers	**14**			**04**			**02**			
Total Credits for the Course			**70**			**20**			**8**	**98**

Total Number of Papers : 20 (14+4+2)

Total Credits for the Course : 98 (70+20+8)

एम.ए. (हिंदी) के अंतर्गत **तीन** प्रकार के पाठ्यक्रम होंगे :

1. **मूल पाठ्यक्रम (Core Course) :** एम.ए. (हिंदी) के प्रत्येक सेमेस्टर के सभी छात्रों के लिए यह अनिवार्य पाठ्यक्रम होगा। सेमेस्टर–I के अंतर्गत 5 (पाँच) मूल पाठ्यक्रम, सेमेस्टर–II के अंतर्गत 4 (चार) मूल पाठ्यक्रम, सेमेस्टर–III के अंतर्गत 5 (पाँच) मूल पाठ्यक्रम निर्धारित है। इस प्रकार मूल पाठ्यक्रम के अंतर्गत कुल 14 (चौदह) प्रश्नपत्र हैं।
2. **ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Elective Course) :** ऐच्छिक पाठ्यक्रम में विशेष अध्ययन की दृष्टि से कुल 8 (आठ) विकल्पों की व्यवस्था है। विद्यार्थी इनमें से किसी एक विकल्प का चयन कर सकेंगे। इन वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था सेमेस्टर–IV के अंतर्गत की गई है, जिसमें प्रत्येक विकल्प के कुल 4 (चार) प्रश्नपत्र हैं।
3. **मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Open Elective Course):** इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत सेमेस्टर–II में दो वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है। विद्यार्थी इनमें से किसी एक विकल्प का अपनी इच्छा से चयन कर सकेंगे। इसी प्रकार सेमेस्टर–IV के अंतर्गत भी दो वैकल्पिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं, इसमें भी विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक विषय का चयन कर सकेंगे। मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम में आंतरिक मूल्यांकन के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को एक परियोजना (Project) प्रस्तुत करना होगा। द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रस्तुत मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम हिंदी विभाग के विद्यार्थियों और अन्य विभागों के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम के निर्धारित प्रश्नपत्रों का विविध सेमेस्टर के अनुसार विवरण इस प्रकार है :

मूल पाठ्यक्रम (Core Course) (कुल 70 क्रेडिट)

सेमेस्टर (Semester)	मूल पाठ्यक्रम (Core Course) (70 क्रेडिट)			
	प्रश्नपत्रों के शीर्षक (Title of Papers)	प्रश्नपत्रों की संख्या (No. of papers)	क्रेडिट (Credits) (L+T)	कुल क्रेडिट (Total Credits)
I	101 – हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)	05	**4+1**	**5**
	102 – आदिकालीन हिंदी काव्य		**4+1**	**5**
	103 – भक्तिकालीन हिंदी काव्य		**4+1**	**5**
	104 – हिंदी कथा–साहित्य		**4+1**	**5**
	105 – भारतीय काव्यशास्त्र		**4+1**	**5**
				(Total : 5X5=25 Credits)
II	201 – रीतिकालीन हिंदी काव्य	04	**4+1**	**5**
	202 – आधुनिक हिंदी काव्य–I		**4+1**	**5**
	203 – हिंदी–नाटक		**4+1**	**5**
	204– सामान्य भाषाविज्ञान		**4+1**	**5**
				(Total : 5X4=20 Credits)
III	301 – आधुनिक हिंदी काव्य–II	05	**4+1**	**5**
	302 – हिंदी–आलोचना		**4+1**	**5**
	303 – हिंदी के अन्य गद्य रूप		**4+1**	**5**
	304 – हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)		**4+1**	**5**
	305 – पाश्चात्य काव्यशास्त्र		**4+1**	**5**
				(Total : 5X5=25 Credits)
IV	--------------------------	---------------	-----------	-------------
Total Credits for the Core Course	**Total Credits : 25+20+25=70**			**(70 Credits)**

ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Elective Course)

*नोट : विद्यार्थी (क), (ख), (ग), (घ), (च), (छ), (ज), (झ) कुल 8 (आठ) में से किसी 1 (एक) विकल्प का चयन करेगा

सेमेस्टर (Semester)	ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Elective Course)			
	प्रश्नपत्रों के शीर्षक (Title of Papers)	प्रश्नपत्रों की संख्या (No. of papers)	क्रेडिट (Credits) (L+T)	कुल क्रेडिट (Total Credits)
I	--------------------------	---------------	-----------	-------------
II	--------------------------	---------------	-----------	-------------
III	--------------------------	---------------	-----------	-------------
IV	*(क) मध्यकालीन हिंदी साहित्य 4041 – मध्यकालीन हिंदी साहित्य : अवधारणा और स्वरूप 4042 – पूर्व मध्यकालीन (भक्ति) काव्य 4043 – उत्तर मध्यकालीन (शास्त्रीय) काव्य 4044 – मध्यकालीन नीति, भक्ति, प्रेम एवं संत काव्य	04	4+1 4+1 4+1 4+1	5 5 5 5
	*(ख) आधुनिक हिंदी साहित्य 4071– आधुनिकता की यात्रा 4072 – आधुनिक हिंदी साहित्य की विशेषताएँ 4073 – आधुनिक भारतीय साहित्य का संदर्भ 4074 – आधुनिक विश्व साहित्य (हिंदी में अनूदित)			
	*(ग) नाटक एवं रंगमंच 4011 – रंगमंच : सिद्धांत और इतिहास 4012 – रंगमंच : पाठ और प्रदर्शन 4013 – भारतीय भाषाओं का रंगमंच (रचनाओं के माध्यम से) 4014– विशेष अध्ययन : हिंदी नाटक का कोई एक युग			

	***(घ) भाषाविज्ञान** 4061 – हिंदी भाषा की संरचना 4062 – समाज भाषाविज्ञान 4063 – भाषा–शिक्षण 4064 – शैलीविज्ञान			
	***(च) आधुनिक जनसंचार माध्यम** 4051 – संचार माध्यम : अवधारणा, स्वरूप और सिद्धांत 4052 – जनसंचार माध्यमों का विकास 4053 – समाचार निर्माण और प्रसारण 4054 – जनसंचार : अध्ययन–प्रविधियाँ			
	***(छ) अनुवाद अध्ययन** 4031– अनुवाद के सैद्धांतिक आयाम 4032– भाषा, कोश–विज्ञान, शब्दावली और अनुवाद 4033– अनुवाद के प्रकार्य 4034– अनुवाद–व्यवहार			
	***(ज) अस्मिता विमर्श और हिंदी साहित्य** 4091– अस्मिता : अवधारणा और सिद्धांत 4092– स्त्री–अस्मिता और हिंदी साहित्य 4093– दलित–अस्मिता और हिंदी साहित्य 4094– आदिवासी–अस्मिता और हिंदी साहित्य			
	***(झ) हिंदी का लोक–साहित्य** 4081 –'लोक' की अवधारणा और लोक साहित्य का स्वरूप 4082 –लोक–संस्कृति : विस्तार और अभिव्यक्ति के आयाम 4083– हिंदी के क्षेत्र, लोक शैलियाँ और लोक साहित्य के विविध आयाम 4084– लोक साहित्य और अनुसंधान के आयाम			
Total Credits for the Elective Course				**(Total 4X5= 20 Credits)**

मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Open Elective Course)

*नोट : विद्यार्थी (क) और (ख) में से किसी 1 (एक) विकल्प का चयन करेगा।

सेमेस्टर (Semester)	मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Open Elective Course)			
	प्रश्नपत्रों के शीर्षक (Title of Papers)	प्रश्नपत्रों की संख्या (No. of papers)	क्रेडिट (Credits) (L+P)	कुल क्रेडिट (Total Credits)
I	-------------------	-----------	----------------	---------------------
II	*प्रश्नपत्र : 5002 (क) हिंदी सृजनात्मक लेखन **अथवा** (ख) प्रयोजनमूलक हिंदी	01	**4**	**4**
III	-------------------	---------------	--------------	---------------------
IV	*प्रश्नपत्र : 5004 (क) हिंदी भाषा–शिक्षण **अथवा** (ख) हिंदी सिनेमा और साहित्य	01	**4**	**4**
Credits for the Open Elective Course				**(Total :4X2= 8 Credits)**

Total Credits for the Course: (Core Course 70 Credit+ Elective Course 20 Credit+Open Elective Course 8 Credit = 98 Credits)

परीक्षा-योजना

– प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा की अवधि तीन घंटे की होगी। प्रत्येक प्रश्नपत्र के पूर्णांक 70 होंगे।

– आंतरिक मूल्यांकन प्रत्येक सेमेस्टर में हर प्रश्नपत्र के लिए होगा। इसके लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र के पूर्णांक 30 होंगे।

– विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के नियमानुसार अंकों को सीजीपीए (CGPA) में परिवर्तित किया जाएगा।

सेमेस्टर–1

मूल पाठ्यक्रम (**Core Course**)

प्रश्नपत्र 101 – हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)

प्रश्नपत्र 102 – आदिकालीन हिंदी काव्य

प्रश्नपत्र 103 – भक्तिकालीन हिंदी काव्य

प्रश्नपत्र 104 – हिंदी कथा–साहित्य

प्रश्नपत्र 105 – भारतीय काव्यशास्त्र

सेमेस्टर : I

प्रश्नपत्र–101 : हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक)

Course Objective (2-3)
हिंदी साहित्य के इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान
इतिहास लेखन, प्रमुख इतिहास ग्रंथ और विभिन्न युगों का विशिष्ट ज्ञान प्रदान करना

Course Learning Outcomes

इतिहास लेखन और साहित्यिक इतिहास की समझ विकसित होगी

हिंदी साहित्य के विभिन्न युगों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

इकाई - 1 : इतिहास-दर्शन

- इतिहास और आलोचना, इतिहास और अनुसंधान
- साहित्येतिहास-दर्शन के समकालीन सिद्धांत
- साहित्येतिहास-लेखन की प्रमुख अवधारणाएँ : मध्ययुगीनता, पुनर्जागरण और आधुनिकता
- हिंदी साहित्य के इतिहासों का इतिहास
- काल-विभाजन और उसकी समस्याएँ

इकाई - 2 : आदिकाल

- नामकरण की समस्या, पृष्ठभूमि : विभिन्न परिस्थितियाँ
- रासोकाव्य-परंपरा, प्रमुख प्रवृत्तियाँ
- प्रमुख कवि (चंदबरदाई, जगनिक, अमीर खुसरो, विद्यापति)

इकाई - 3 : भक्तिकाल

- पृष्ठभूमि एवं प्रवृत्तियाँ
- प्रमुख एवं गौण कवि तथा उनका काव्य (कबीर, रविदास, दादू, सुंदरदास, कुतुबन, मंझन, जायसी, तुलसीदास, सूरदास, नंददास,)
- निर्गुण एवं सगुण काव्यधाराएँ : प्रमुख विशेषताएँ

इकाई - 4 : रीतिकाल

- नामकरण की समस्या
- पृष्ठभूमि एवं प्रवृत्तियाँ
- प्रमुख एवं गौण कवि तथा उनका काव्य (केशव, बिहारी, देव, मतिराम, घनानंद, बोधा, आलम, ठाकुर, गुरुगोविंद सिंह, रज्जब)
- रीतिबद्ध और रीतिमुक्त काव्यधाराओं की विभेदक विशेषताएँ

प्रस्तावित पुस्तकें :

हिंदी साहित्य का इतिहास : रामचंद्र शुक्ल
हिंदी साहित्य की भूमिका : हजारीप्रसाद द्विवेदी
रीतिकाव्य की भूमिका : डॉ. नगेन्द्र
हिंदी साहित्य का इतिहास : संपादक डॉ. नगेन्द्र
साहित्य का इतिहास दर्शन : नलिन विलोचन शर्मा
हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : रामकुमार वर्मा

अन्य सहायक पुस्तकें -

साहित्य और इतिहास दृष्टि : मैनेजर पांडेय
मध्यकालीन बोध का स्वरूप : हजारीप्रसाद द्विवेदी
हिंदी साहित्य का अतीत (भाग 1, 2) : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
हिंदी साहित्य का इतिहास : पूरनचंद टंडन, विनीता कुमारी
अप्रभ्रंश साहित्य : हरिवंश कोछड़
आदिकालीन हिंदी साहित्य की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि : राममूर्ति त्रिपाठी
हिन्दी साहित्य के इतिहास पर कुछ नोट्स : रसाल सिंह

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2
7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3
10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4
13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 102 : आदिकालीन हिंदी काव्य

Course Objective (2-3)
हिंदी साहित्य के आदिकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के प्रारम्भिक युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई 1: दोहाकोश : (सं.) राहुल सांकृत्यायन
षड्दर्शन खंडन-ब्राह्मण : दोहा 1, 2
करुणा सहित भावना : दोहा-17

चित्त : दोहा-24, 25

सहज, महासुख : दोहा-42, 43, 44

परमपद : 49

देह ही तीर्थ : 96

(कुल 10)

इकाई 2: गोरखबानी : (सं.) पीतांबरदत्त बड़थ्वाल

पद-1 से 20 तक

इकाई 3: पृथ्वीराज रासो : (सं.) माता प्रसाद गुप्त

कयमासवध (संपूर्ण)

इकाई 4: विद्यापति की पदावली : (सं.) रामवृक्ष बेनीपुरी

पद : 1, 2, 5, 10, 18, 23, 27, 29, 36, 42 (कुल 10 पद)

प्रस्तावित पुस्तकें :

हिंदी साहित्य का आदिकाल : हजारी प्रसाद द्विवेदी

अपभ्रंश साहित्य : हरिवंश कोछड़

नाथ संप्रदाय : हजारीप्रसाद द्विवेदी

हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योग : नामवर सिंह

पृथ्वीराज रासो की भाषा : नामवर सिंह

अन्य सहायक पुस्तकें -

प्राकृत-अपभ्रंश साहित्य और उसका हिंदी पर प्रभाव : राम सिंह तोमर

सिद्ध-साहित्य : धर्मवीर भारती

अपभ्रंश भाषा और साहित्य : राजमणि शर्मा

विद्यापति : शिव प्रसाद सिंह

आदिकालीन हिंदी साहित्य : अध्ययन की दिशाएँ : अनिल राय

गोरखनाथ और उनका युग : रांगेय राघव

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र – 103 : भक्तिकालीन हिंदी काव्य

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य के भक्तिकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई – 1 : कबीर
कबीर : हजारीप्रसाद द्विवेदी
पद संख्या : 35, 108, 112, 123, 126, 134, 153, 168, 181, 206, 250 (कुल 11)
साखी संख्या : 103, 113, 139, 157, 190, 191, 199, 200, 201, 231, 237 (कुल 11)

इकाई – 2 : जायसी
जायसी-ग्रंथावली : रामचंद्र शुक्ल (सं.)
नागमती वियोग खंड

इकाई – 3 : सूरदास
भ्रमरगीतसार : रामचंद्र शुक्ल (सं.)
पद संख्या : 3, 4, 7, 9, 11, 16, 18, 21, 22, 24, 30, 34, 37, 42, 45, 52, 62, 75, 85, 100, 125, 133 (कुल 22)

इकाई – 4 : तुलसीदास
विनय पत्रिका : (सं.) वियोगी हरि
पद संख्या : 90, 101, 102, 105, 111, 112, 115, 116, 117, 119, 120, 121, 123, 124, 162, 167, 172, 174, 198, 201 (कुल 20)

प्रस्तावित पुस्तकें :
गोस्वामी तुलसीदास : रामचंद्र शुक्ल
तुलसी आधुनिक वातायन से : रमेश कुंतल मेघ
लोकवादी तुलसीदास : विश्वनाथ त्रिपाठी
तुलसी काव्य-मीमांसा : उदयभानु सिंह
गोसाई तुलसीदास : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
सूरदास : रामचंद्र शुक्ल
सूर साहित्य : हजारी प्रसाद द्विवेदी
अन्य सहायक पुस्तकें -

महाकवि सूरदास : नंद दुलारे वाजपेयी

सूर और उनका साहित्य : हरवंशलाल शर्मा

सूरदास : ब्रजेश्वर वर्मा

कबीर : हजारी प्रसाद द्विवेदी

कबीर की विचारधारा : गोविंद त्रिगुणायत

कबीर साहित्य की परख : परशुराम चतुर्वेदी

त्रिवेणी : रामचंद्र शुक्ल

जायसी : विजयदेव नारायण साही

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 104 : हिंदी कथा-साहित्य

Course Objective (2-3)

कथा-साहित्य का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न लेखको और उनकी रचनाओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के कथा साहित्य का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख लेखको और उनकी रचनाओं की समझ विकसित होगी

(क) उपन्यास

इकाई - 1 : गोदान : प्रेमचंद

इकाई - 2 : मैला आँचल : फणीश्वर नाथ रेणु

(ख) कहानी

इकाई - 3

- उसने कहा था : चंद्रधर शर्मा गुलेरी
- कफ़न : प्रेमचंद
- मधुआ : जयशंकर प्रसाद
- हीलीबोन की बत्तखें : अज्ञेय
- ज़िंदगी और जोंक : अमरकांत
- खोयी हुई दिशाएँ : कमलेश्वर
- यही सच है : मन्नू भंडारी

इकाई - 4

- चीफ़ की दावत : भीष्म साहनी
- तीसरी कसम : रेणु
- परिंदे : निर्मल वर्मा
- वापसी : उषा प्रियंवदा
- पिता : ज्ञानरंजन
- लालकिले का बाज : काशी नाथ सिंह
- कोशी का घटवार : शेखर जोशी

प्रस्तावित पुस्तकें :

प्रेमचंद और उनका युग : रामविलास शर्मा
प्रेमचंद : एक साहित्यिक विवेचन : नंददुलारे वाजपेयी

आज का हिंदी उपन्यास : इंद्रनाथ मदान

मैला आँचल की रचना-प्रक्रिया : देवेश ठाकुर

अन्य सहायक पुस्तकें -

आधुनिक हिंदी उपन्यास : सं. नरेंद्र मोहन

क्रांति का विचार और हिंदी उपन्यास : प्रेम सिंह

कहानी : नयी कहानी : नामवर सिंह

नयी कहानी : संदर्भ और प्रकृति : देवीशंकर अवस्थी

नयी कहानी की भूमिका : कमलेश्वर

एक दुनिया समानांतर : राजेंद्र यादव

नयी कहानी : प्रकृति और पाठ : सुरेंद्र चौधरी

प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्प विधान : कमल किशोर गोयनका

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 105 : भारतीय काव्यशास्त्र

Course Objective (2-3)
भारतीय काव्यशास्त्र की समझ विकसित होगी
कृतियों के विश्लेषण हेतु भारतीय चिंतन का पक्ष स्पष्ट होगा

Course Learning Outcomes

भारतीय काव्यशास्त्र की जानकारी अतीत और वर्तमान की कृतियों के बीच आलोचनात्मक संबंध निर्माण करती है |
भारतीय चिंतन परंपरा की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

- काव्य का स्वरूप, काव्य-लक्षण, काव्य के तत्व, काव्य सृजन की प्रक्रिया
- काव्य-हेतु, काव्य-प्रयोजन, काव्य की आत्मा

इकाई - 2 : रस सिद्धांत

- रसानुभूति की प्रक्रिया
- रसानुभूति का स्वरूप
- साधारणीकरण
- करुण रस का आस्वाद

इकाई - 3

- अलंकार-सिद्धांत एवं उसकी स्थापनाएँ , अलंकार के भेद-उपभेद
- रीति-सिद्धांत और उसकी स्थापनाएँ, रीति के भेद-उपभेद, काव्य गुण, काव्य दोष
- वक्रोक्ति सिद्धांत और उसकी स्थापनाएँ, वक्रोक्ति के भेद-उपभेद

इकाई - 4

- ध्वनि-सिद्धांत और उसकी स्थापनाएँ
  ध्वनि के भेद-उपभेद, गुणीभूत व्यंग्य, चित्रकाव्य
- औचित्य-सिद्धांत और उसकी स्थापनाएँ

प्रस्तावित पुस्तकें :

रस मीमांसा : रामचंद्र शुक्ल
भारतीय काव्यशास्त्र : सत्यदेव चौधरी
रीतिकाव्य की भूमिका : नगेंद्र

अन्य सहायक पुस्तकें -

रस सिद्धांत : नगेंद्र

भारतीय काव्यशास्त्र : हरीश चंद्र वर्मा

भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र का संक्षिप्त इतिहास : सत्यदेव चौधरी एवं शांति स्वरूप गुप्त

भारतीय काव्यशास्त्र के नए क्षितिज : राममूर्ति त्रिपाठी

हिंदी काव्यशास्त्र का इतिहास : भगीरथ मिश्र

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

सेमेस्टर–2

मूल पाठ्यक्रम (**Core Course**)

प्रश्नपत्र 201 – रीतिकालीन हिंदी काव्य

प्रश्नपत्र 202 – आधुनिक हिंदी काव्य–**I**

प्रश्नपत्र 203 – हिंदी–नाटक

प्रश्नपत्र 204 – सामान्य भाषाविज्ञान

सेमेस्टर : II

प्रश्नपत्र - 201 : रीतिकालीन हिंदी काव्य

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य के रीतिकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के रीतिकाल का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1 : मतिराम : ललितललाम (छंद संख्या 1 से 30)
मतिराम ग्रंथावली ; संपादक : कृष्णबिहारी मिश्र, ब्रजकिशोर मिश्र
नागरीप्रचारणी सभा ; वाराणसी, प्रथम संस्करण, संवत् 2021

इकाई - 2 : बिहारी : बिहारी-सतसई : बिहारी-रत्नाकर, संपादक : श्री जगन्नाथदास रत्नाकर, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, सन् 2005

दोहा संख्या : 1, 5, 7, 9, 10, 11, 15, 19, 20, 21, 22, 25, 28, 32, 38, 42, 45, 52, 55, 67, 71, 73, 78, 85, 91, 94, 99, 106, 121, 124, 127, 135, 140, 146, 151, 171, 188, 191, 192, 201, 203, 207, 295, 300, 317, 406, 428, 432, 588, 658
(कुल 50 दोहे)

इकाई - 3 : घनानंद : सुजान हित ; घनानंद ग्रंथावली, संपादक : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, वाणी वितान, बनारस

छंद संख्या : 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 21, 22, 24, 25, 26, 32, 36, 37, 38, 41, 43, 49, 50, 52, 57, 58, 62, 64, 66, 78, 90, (31 छंद)

इकाई - 4 : गुरु गोबिन्द सिंह: चण्डी चरित्र उक्ति विलास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली ; 1979
छंद संख्या : 1 से 116 तक (प्रथम तीन अध्याय)

प्रस्तावित पुस्तकें :

मतिराम : कवि और आचार्य : महेंद्र कुमार
बिहारी सार्धशती : ओमप्रकाश
बिहारी : ओमप्रकाश
बिहारी की काव्य सृष्टि : जय प्रकाश
बिहारी की वाग्विभूति : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

घनानंद काव्य और आलोचना : किशोरी लाल

घनानंद के काव्य में अप्रस्तुत योजना : मनोहर लाल

घनानंद : लल्लन राय

गुरु गोबिन्द सिंह और उनकी हिंदी कविता : महीप सिंह

गुरु गोबिन्द सिंह के साहित्य में भारतीय संस्कृति : धर्मपाल मैनी

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 202 : आधुनिक हिंदी काव्य-I

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य के आधुनिक इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के आधुनिक युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

मैथिलीशरण गुप्त : साकेत
नवम् सर्ग

इकाई - 2

जयशंकर प्रसाद : कामायनी
चिंता, श्रद्धा और इड़ा सर्ग

इकाई - 3

निराला : राग-विराग : सं. रामविलास शर्मा
राम की शक्तिपूजा

इकाई - 4

मुक्तिबोध : चाँद का मुँह टेढ़ा है
अँधेरे में

प्रस्तावित पुस्तकें :

अतीत का हंस - प्रभाकर श्रोत्रिय
साकेत : एक अध्ययन - नगेन्द्र
मैथिलीशरण गुप्त : प्रासंगिकता के अंत:सूत्र - कृष्णदत्त पालीवाल
त्रयी (प्रसाद, निराला और पंत) - जानकील्लभ शास्त्री
छायावाद के आधार-स्तंभ - गंगाप्रसाद पाण्डेय
छायावाद - नामवर सिंह

अन्य सहायक पुस्तकें -

छायावादी कवियों का सौंदर्य-विधान - सूर्यप्रसाद दीक्षित

जयशंकर प्रसाद - नंददुलारे वाजपेयी

कामायनी : एक पुनर्विचार - मुक्तिबोध

कामायनी के अध्ययन की समस्याएँ - नगेन्द्र

निराला की साहित्य साधना, भाग-2 - रामविलास शर्मा

कवि निराला - नंददुलारे वाजपेयी

निराला : आत्महंता आस्था - दूधनाथ सिंह

निराला काव्य की छवियाँ - नंदकिशोर नवल

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

1.

प्रश्नपत्र - 203 : हिंदी नाटक

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य के नाटक का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न नाटककारों और उनके नाटकों का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के नाटकों का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख नाटककारों और नाटकों की समझ विकसित होगी

इकाई - 1 : भारतेंदु : अंधेर नगरी

इकाई - 2 : जयशंकर प्रसाद : चंद्रगुप्त

इकाई - 3 : धर्मवीर भारती : अंधायुग

इकाई - 4 : मोहन राकेश : आधे-अधूरे

प्रस्तावित पुस्तकें :

1. हिंदी नाटक : उद्‌भव और विकास : दशरथ ओझा
2. आधुनिक हिंदी नाटक और रंगमंच : नेमिचंद्र जैन
3. हिंदी नाटक : समाजशास्त्रीय अध्ययन : सीताराम झा 'श्याम'
4. भारतेंदु हरिश्चंद्र : रामविलास शर्मा
5. नाटककार भारतेंदु की रंग परिकल्पना : सत्येंद्र तनेजा
6. जयशंकर प्रसाद की प्रासंगिकता : प्रभाकर श्रोत्रिय

अन्य सहायक पुस्तकें -

7. प्रसाद के नाटक : देश और काल की बहुआयामिता : रमेश गौतम
8. मोहन राकेश और उनके नाटक : गिरीश रस्तोगी
9. मोहन राकेश : साहित्यिक और सांस्कृतिक दृष्टि : मोहन राकेश
10. आज का हिंदी नाटक : प्रगति और प्रभाव : दशरथ ओझा
11. मोहन राकेश के सम्पूर्ण नाटक : नेमिचंद्र जैन
12. हिंदी नाटक : मिथक और यथार्थ : रमेश गौतम
13. हिंदी नाटक : आजकल : जयदेव तनेजा
14. भारतीय नाट्य साहित्य : नगेंद्र

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 204 : सामान्य भाषाविज्ञान

Course Objective (2-3)

भाषाविज्ञान की विशिष्ट समझ विकसित होगी
भाषा की विशेषताओं और उपांगों का विश्लेषणात्मक ज्ञान होगा

Course Learning Outcomes

भाषा और उसके उपांगों का ज्ञान

इकाई - 1 : भाषा और भाषाविज्ञान

- भाषा और भाषाविज्ञान की परिभाषा
- भाषा-व्यवस्था (लांग) और भाषा-व्यवहार (परोल),
- भाषा और संप्रेषण
- मानवेतर संप्रेषण और मानव-संप्रेषण
- भाषाविज्ञान की अध्ययन पद्धतियाँ

इकाई -2 : स्वनविज्ञान और स्वनिमविज्ञान

- स्वनों का वर्गीकरण
- स्वन-परिवर्तन के कारण
- स्वनिम के भेद : खंडीय एवं खंडेतर
- स्वन, स्वनिम और सहस्वन
- स्वनिम और सहस्वन का निर्धारण

इकाई - 3 : रूपविज्ञान एवं रूपिमविज्ञान

- रूप, रूपिम और सहरूप
- रूपिमविज्ञान
- शब्द और पद
- अर्थतत्व एवं संबंध तत्व
- संबंधतत्व के प्रकार

इकाई - 4 : वाक्यविज्ञान, प्रोक्ति एवं अर्थविज्ञान

- वाक्य-रचना के आधार
- वाक्य के प्रकार
- वाक्य के निकटतम अवयव
- प्रेक्ति का स्वरूप, प्रोक्ति-विश्लेषण
- शब्द और अर्थ का संबंध
- अर्थ-प्रतीति के साधन
- अर्थ-परिवर्तन के कारण एवं दिशाएँ

प्रस्तावित पुस्तकें :

सामान्य भाषाविज्ञान : बाबूराम सक्सेना

भाषाविज्ञान : भोलानाथ तिवारी

भाषाविज्ञान की भूमिका : देवेन्द्र नाथ शर्मा

आधुनिक भाषाविज्ञान : राजमणि शर्मा

भाषाशास्त्र की रूपरेखा : उदयनारायण तिवारी

भाषा और समाज : रामविलास शर्मा

अन्य सहायक पुस्तकें -

भाषा : ब्लूमफील्ड (अनुवाद : विश्वनाथ प्रसाद)

हिंदी भाषा का इतिहास : धीरेंद्र वर्मा

सामान्य भाषाविज्ञान : वैश्ना नारंग

ध्वनिविज्ञान : गोलोक बिहारी ढल

अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान : रवींद्रनाथ श्रीवास्तव

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

सेमेस्टर–3

मूल पाठ्यक्रम (**Core Course**)

प्रश्नपत्र 301 – आधुनिक हिंदी काव्य–**II**

प्रश्नपत्र 302 – हिंदी–आलोचना

प्रश्नपत्र 303 – हिंदी के अन्य गद्य–रूप

प्रश्नपत्र 304 – हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)

प्रश्नपत्र 305 – पाश्चात्य काव्यशास्त्र

सेमेस्टर-III

प्रश्नपत्र - 301 : आधुनिक हिंदी काव्य-II

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य के आधुनिक इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के आधुनिक युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

अज्ञेय : आँग के पार द्वार
असाध्यवीणा

इकाई - 2

शमशेर : प्रतिनिधि कविताएँ (सं.) नामवर सिंह

- हार-हार समझा मैं
- चुका भी हूँ मैं नहीं
- जीवन की कमान
- सींग और नाखून
- राग

इकाई - 3

रघुवीर सहाय : आत्महत्या के विरुद्ध

- नेता क्षमा करें
- अपने आप और बेकार
- लोकतंत्रीय मृत्यु
- नयी हँसी
- आत्महत्या के विरुद्ध

इकाई - 4

नागार्जुन : प्रतिनिधि कविताएँ (सं.) नामवर सिंह

- प्रतिबद्ध हूँ
- बादल को घिरते देखा है
- बहुत दिनों के बाद
- प्रेत का बयान
- अकाल और उसके बाद

प्रस्तावित पुस्तकें :

1. नयी कविता और अस्तित्वाद - रामविलास शर्मा
2. कविता के नए प्रतिमान - नामवर सिंह
3. कविता की जमीन और जमीन की कविता - नामवर सिंह
4. आधुनिक हिंदी कविता - विश्वनाथ प्रसाद तिवारी
5. समकालीन कविता का यथार्थ - परमानंद श्रीवास्तव

अन्य सहायक पुस्तकें -

6. समकालीन हिंदी कविता - रवींद्र भ्रमर
7. आधुनिक कविता-यात्रा - रामस्वरूप चतुर्वेदी
8. अज्ञेय साहित्य : प्रयोग और मूल्यांकन - केदार शर्मा
9. अज्ञेय की काव्यतितीर्षा - नंदकिशोर आचार्य
10. रघुवीर सहाय की कविता - सुरेश शर्मा
11. कवियों का कवि शमशेर : रंजना अरगड़े

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 302 : हिंदी आलोचना

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य की आलोचना का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न आलोचकों और उनकी आलोचना का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य में आलोचनाओं का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख आलोचक और आलोचनात्मक कृतियों की समझ विकसित होगी

इकाई-1 : हिंदी आलेचना की पृष्ठभूमि : भारतेंदु और द्विवेदीयुगीन आलोचना

इकाई-2 : रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी और डॉ. नगेन्द्र की आलोचना-दृष्टि

इकाई-3 : रामविलास शर्मा और नामवर सिंह की आलोचना-दृष्टि

इकाई-4 : मुक्तिबोध, अज्ञेय और विजयदेव नारायण साही की आलोचना-दृष्टि

प्रस्तावित पुस्तकें :
हिंदी आलोचना : विश्वनाथ त्रिपाठी
हिंदी आलोचना के नए वैचारिक सरोकार : कृष्णदत्त पालीवाल
हिंदी आलोचना का विकास : नंदकिशोर नवल
आलोचक और आलोचना : बच्चन सिंह
आलोचना के प्रगतिशील आयाम : शिवकुमार मिश्र
अन्य सहायक पुस्तकें -
आचार्य रामचंद शुक्ल और हिंदी आलोचना : रामविलास शर्मा
हिंदी समीक्षा : स्रोत एवं सूत्रधार : सत्यदेव मिश्र
आलोचना : प्रकृति और परिवेश : तारकनाथ बाली
दूसरी परंपरा की खोज : नामवर सिंह

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 303 : हिंदी के अन्य गद्य-रूप

Course Objective (2-3)

हिंदी साहित्य में अन्य गद्य विधाओं के इतिहास का विश्लेषण
विभिन्न लेखकों और उनकी कृतियों का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के गद्य का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख लेखकों और उनकी कृतियों की समझ विकसित होगी

इकाई - 1 : निबंध

- बालकृष्ण भट्ट : आत्मनिर्भरता
- रामचंद्र शुक्ल : लोकमंगल की साधनावस्था
- हजारीप्रसाद द्विवेदी : अशोक के फूल

इकाई - 2 : आत्मकथा एवं जीवनी

- ओम प्रकाश वाल्मीकि : जूठन
- विष्णु प्रभाकर : आवारा मसीहा

इकाई - 3 : रेखाचित्र एवं संस्मरण

- महादेवी वर्मा : स्मृति की रेखाएँ
- जगदीशचंद्र माथुर : जिन्होंने जीना जाना

इकाई - 4 : यात्रावृत्तांत एवं पत्र साहित्य

- यात्रावृत्तांत : अज्ञेय : एक बूँद सहसा उछली
- पत्र साहित्य : मुक्तिबोध के पत्र नेमिचंद्र जैन को

प्रस्तावित पुस्तकें :

1. भारतेंदु हरिश्चंद्र और हिंदी नवजागरण की समस्याएँ : रामविलास शर्मा
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण : रामविलास शर्मा
3. निराला की साहित्य-साधना (भाग 1 व 2) : रामविलास शर्मा
4. दूसरी परंपरा की खोज : नामवर सिंह
5. कवि मन : अज्ञेय
6. अज्ञेय की काव्यतितीर्षा : नंदकिशोर आचार्य

अन्य सहायक पुस्तकें -

7. साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध : महादेवी वर्मा
8. चिंतामणि (भाग 1 व 2) : रामचंद्र शुक्ल

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2
7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3
10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4
13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 304 : हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)

Course Objective (2-3)
हिंदी साहित्य के इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
आधुनिक इतिहास लेखन, प्रमुख इतिहास ग्रंथ और आधुनिक युगों का विशिष्ट ज्ञान प्रदान करना

Course Learning Outcomes

इतिहास लेखन और साहित्यिक इतिहास की समझ विकसित होगी

हिंदी साहित्य के आधुनिक युगों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

इकाई - 1

आधुनिक काल की पृष्ठभूमि : सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक (1857 के स्वाधीनता संग्राम से 1947 तक का राजनीतिक इतिहास, नवजागरण)

इकाई - 2

- भारतेन्दु युग : प्रमुख साहित्यकार, रचनाएँ और साहित्यिक प्रवृत्तियाँ
- द्विवेदी युग : प्रमुख साहित्यकार, रचनाएँ और साहित्यिक प्रवृत्तियाँ
- छायावाद : प्रमुख रचनाकार, रचनाएँ और साहित्यिक प्रवृत्तियाँ

इकाई - 3

- प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नयी कविता और समकालीन कविता

इकाई - 4

- निबंध, आलोचना, नाटक : उद्भव और विकास
- उपन्यास, कहानी, पत्रकारिता : उद्भव और विकास

प्रस्तावित पुस्तकें :

हिंदी साहित्य का इतिहास : रामचंद्र शुक्ल
हिंदी साहित्य का इतिहास : सं. नगेन्द्र
आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास : बच्चन सिंह
आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ : नामवर सिंह
हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास : रामस्वरूप चतुर्वेदी

अन्य सहायक पुस्तकें -

साहित्य और इतिहास दृष्टि : मैनेजर पाण्डेय
हिंदी का गद्य साहित्य : रामचन्द्र तिवारी

हिंदी काव्य का इतिहास : रामस्वरूप चतुर्वेदी
हिंदी कविता का प्रवृत्तिगत इतिहास : पूरनचंद टण्डन एवं विनीता कुमारी
हिंदी साहित्येतिहास की भूमिका (भाग-3) : सूर्यप्रसाद दीक्षित
हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास : रामस्वरूप चतुर्वेदी

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2
7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3
10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4
13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 305 : पाश्चात्य काव्यशास्त्र

Course Objective (2-3)
पाश्चात्य काव्यशास्त्र की समझ विकसित होगी
कृतियों के विश्लेषण हेतु पाश्चात्य चिंतन का पक्ष स्पष्ट होगा

Course Learning Outcomes

पाश्चात्य काव्यशास्त्र की समझ भाषा, कला की आवश्यकता और जीवन के बीच आलोचनात्मक संबंध निर्माण करती है |
पाश्चात्य चिंतन परंपरा की समझ विकसित होगी

इकाई-1 :

- प्लेटो : काव्य सिद्धांत
- अरस्तू : अनुकरण और विरेचन सिद्धांत, त्रासदी विवेचन
- लोंजाइनस : उदात्त-संबंधी विचार

इकाई-2 :

- कॉलरिज : कविता और काव्यभाषा, कल्पना-सिद्धांत
- जार्ज लूकाच : यथार्थ और साहित्य का संबंध, आलोचनात्मक यथार्थवाद
- मैथ्यू आर्नल्ड: कविता और जीवन, जीवन और समाज
- टी.एस. इलियट : परंपरा और वैयक्तिक प्रतिभा का संबंध, निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत, वस्तुनिष्ठ सह-संबंध

इकाई-3 :

- अंतोनियो ग्राम्शी : आधार और अधिरचना का संबंध, वर्चस्व का सिद्धांत
- आई.ए.रिर्चड्स : मूल्य, संप्रेषण तथा व्यावहारिक समीक्षा-सिद्धांत
- एफ.आर.लीविस : साहित्य और नैतिक बोध

इकाई-4 :

- शास्त्रवाद, स्वच्छंदतावाद, यथार्थवाद, संरचनावाद, उत्तर-संरचनावाद

प्रस्तावित पुस्तकें :

पाश्चात्य काव्यशास्त्र : देवेन्द्रनाथ शर्मा
नई समीक्षा : नये संदर्भ : डॉ. नगेन्द्र
काव्य चिंतन की पश्चिमी परंपरा : निर्मला जैन

पाश्चात्य काव्यशास्त्र : नई प्रवृत्तियाँ : राजनाथ

कॉलरिज : आलोचना-सिद्धांत : कृष्णदत्त शर्मा

संरचनावाद, उत्तर-संरचनावाद एवं प्राच्य काव्यशास्त्र : गोपीचंद नारंग

ंअन्य सहायक पुस्तकें -

पाश्चात्य काव्यशास्त्र का इतिहास : तारकनाथ बाली

पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परंपरा : सावित्री सिन्हा

भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र का संक्षिप्त इतिहास : सत्यदेव चौधरी एवं शांति स्वरूप गुप्त

पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परम्परा : (संपादक) नगेन्द्र

उदात्त के विषय में : निर्मला जैन

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

सेमेस्टर–4

ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Elective Course)

***नोट : विद्यार्थी (क), (ख), (ग), (घ), (च), (छ), (ज), (झ) में से किसी एक विकल्प का चयन करेगा**

*(क) मध्यकालीन हिंदी साहित्य

4041 – मध्यकालीन हिंदी साहित्य : अवधारणा और स्वरूप

4042 – पूर्व मध्यकालीन (भक्ति) काव्य

4043 – उत्तर मध्यकालीन (शास्त्रीय) काव्य

4044 – मध्यकालीन नीति, भक्ति, प्रेम एवं संत काव्य

*(ख) आधुनिक हिंदी साहित्य

4071 – आधुनिकता की यात्रा

4072 – आधुनिक हिंदी साहित्य की विशेषताएँ

4073 – आधुनिक भारतीय साहित्य का संदर्भ

4074 – आधुनिक विश्व साहित्य (हिंदी में अनूदित)

*(ग) नाटक एवं रंगमंच

4011 – रंगमंच : सिद्धांत और इतिहास

4012 – रंगमंच : पाठ और प्रदर्शन

4013 – भारतीय भाषाओं का रंगमंच (रचनाओं के माध्यम से)

4014 – विशेष अध्ययन : हिंदी नाटक का कोई एक युग

*(घ) भाषाविज्ञान

4061 – हिंदी भाषा की संरचना

4062 – समाज भाषाविज्ञान

4063 – भाषा–शिक्षण

4064 – शैलीविज्ञान

*(च) आधुनिक जनसंचार माध्यम

4051 – संचार माध्यम : अवधारणा, स्वरूप और सिद्धांत

4052 – जनसंचार माध्यमों का विकास

4053 – समाचार निर्माण और प्रसारण

4054 – जनसंचार : अध्ययन–प्रविधियाँ

*(छ) अनुवाद अध्ययन

4031– अनुवाद के सैद्धांतिक आयाम

4032– भाषा, कोश–विज्ञान, शब्दावली और अनुवाद

4033– अनुवाद के प्रकार्य

4034– अनुवाद–व्यवहार

*(ज) अस्मिता विमर्श और हिंदी साहित्य

4091 – अस्मिता : अवधारणा और सिद्धांत

4092 – स्त्री–अस्मिता और हिंदी साहित्य

4093 – दलित–अस्मिता और हिंदी साहित्य

4094 – आदिवासी–अस्मिता और हिंदी साहित्य

*(झ) हिंदी का लोक–साहित्य

4081 – 'लोक' की अवधारणा और लोक–साहित्य का स्वरूप

4082 – लोक–संस्कृति : विस्तार और अभिव्यक्ति के आयाम

4083 – हिंदी के क्षेत्र, लोक–शैलियाँ और लोक–साहित्य के विविध आयाम

4084 – लोक–साहित्य और अनुसंधान के आयाम

(क) विकल्प : मध्यकालीन हिंदी साहित्य

प्रश्नपत्र-4041 : मध्यकालीन हिंदी साहित्य : अवधारणा और स्वरूप

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
मध्यकालीन साहित्य से संबन्धित अवधारणाओं और उनके प्रति विभिन्न मतों का परिचय देना

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
इतिहास, आलोचना और विचारकों की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

- मध्यकालीन हिंदी साहित्य : अभिप्राय, पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियाँ
- काल सीमा, नामरकण का औचित्य
- मध्यकालीन हिंदी साहित्य विषयक चिंतन एवं दृष्टियाँ : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा, डॉ. नगेन्द्र

इकाई - 2

- मध्यकालीन दर्शनिक चेतना एवं विविध दर्शन
- मध्यकालीन सौन्दर्य चेतना और काव्य
- मध्यकालीन लोक-संस्कृति और काव्य
- मध्यकालीन भक्ति काव्य का स्वरूप एवं भक्ति आंदोलन

इकाई - 3

- मध्यकालीन काव्यशास्त्रीय चिंतन की परंपरा और प्रदेय
- मध्यकालीन हिंदी काव्य में राष्ट्रीयता
- मध्यकालीन नीति काव्य परंपरा और काव्य

इकाई - 4

- मध्यकालीन हिंदी साहित्य का काव्य-शिल्प
- मध्यकालीन काव्य भाषाएँ-ब्रजभाषा, अवधी भाषा
- मध्यकालीन कविता और काव्य-रूप : प्रबंन्ध, मुक्तक, प्रगीत

प्रस्तावित पुस्तकें :

मध्ययुगीन काव्य : नया मूल्यांकन : जयभगवान गोपाल
मध्यकालीन साहित्य विमर्श : सं. सुधा सिंह
हिंदी सगुण काव्य की सांस्कृतिक भूमिका : रामनरेश वर्मा
मध्यकालीन हिंदी साहित्य : संवेदना, शास्त्र और समसामायिकता : सं. पूरनचंद टण्डन एवं सुनील तिवारी
मध्यकालीन संत साहित्य में सामाजिक समरसता : विनीता कुमारी

मध्यकालीन प्रेम-साधना : परशुराम चतुर्वेदी

अन्य सहायक पुस्तकें -

निर्गुण काव्य की सांस्कृतिक भूमिका : रामसजन पाण्डेय

ब्रजभाषा के कृष्ण-काव्य में माधुर्य भक्ति : रूपनारायण पण्डेय

हिंदी साहित्य का उत्तर मध्यकाल : रीतिकाल : महेन्द्र कुमार

रीतिकलीन रीतिकवियों का काव्य-शिल्प : महेन्द्र कुमार

रीतिकवियों की मौलिक देन : किशोरी लाल

सौंदर्य विमर्श : पूरनचंद टंडन

रीतिकालीन रीतिमुक्त काव्य : पूरनचंद टंडन

रीतिकालीन रीतिइतर काव्य : पूरनचंद टंडन

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र-4042 : पूर्वमध्यकालीन (भक्ति) काव्य

हिंदी साहित्य के पूर्व-मध्यकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के पूर्वमध्यकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

- तुलसी - गीता प्रेस गोरखपुर, अयोध्याकाण्ड (1 से 50 छंद)

इकाई - 2

- सूरदास, सूरसागर (विनय और भक्ति) (1 से 30 छंद)

इकाई - 3

- मीरा - मीराँबाई की पदावली : परशुराम चतुर्वेदी
  प्रथम खंड-पद संख्या- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 14, 16, 17, 19, 20, 22, 23, 36, 39, 71, 72, 73, 76, 81, 82, 90, 91, 93, 99, 100, 101, 102 (कुल 30)

- रहीम - रहीम दोहावली, दोहा संख्या 1 से 50, रहीम ग्रंथावली, संपादक, विद्या निवास मिश्र, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली

प्रस्तावित पुस्तकें :

गोस्वामी तुलसीदास : रामजी तिवारी
तुलसी नए संदर्भ में : रामनरेश मिश्र
गोस्वामी तुलसीदास : रामचंद्र शुक्ल
गोसाई तुसीदास : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

महाकवि सूर और भ्रमरगीत : शंकरदेव अवतरे
भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य : मैनेजर पाण्डेय
महाकवि सूरदास : सं. बलदेव वंशी
सूरसागर-सेतु : प्रभु दयाल मीतल
भ्रमरगीत का काव्य वैभव : मनमोहन गौतम

मीरा का काव्य : भगवानदास तिवारी
मीरा का पुनर्मूल्यांकन : सं. सुरेश गौतम
मीराँबाई की पदावली : सं. परशुराम चतुर्वेदी

रहीम ग्रंथावली : सं. विद्यानिवास मिश्र

रहीम : विजयेन्द्र स्नातक

अब्दुर्रहीम खानाखाना : हरीश कुमार सेठी

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र-4043 : उत्तर मध्यकालीन (शास्त्रीय) काव्य

हिंदी साहित्य के रीतिकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के रीतिकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

केशव : कविप्रिया (केशव ग्रंथावली)
प्रभाव संख्या - 3 (1 से 30)
प्रभाव संख्या - 5 (1 से 20)

इकाई - 2

कवि देव : रस विलास (देव ग्रंथावली)
द्वितीय विलास 1 से 20
तृतीय विलास 1 से 20

इकाई - 3

कवि पद्‌माकर : जगद्‌विनोद (पद्‌माकर ग्रंथावली)
छंद संख्या 1 से 40

इकाई - 4

कवि भूषण : शिवाबावनी (संपूर्ण) (भूषण ग्रंथावली)
छंद संख्या 1 से 50

प्रस्तावित पुस्तकें :

केशवदास : सं. विजयपाल सिंह
केशवदास : जगदीश गुप्त
कविप्रिया प्रकाश : डॉ. ओमप्रकाश
केशव की काव्य-धारा : शिवनारायाण शुक्ल
केशव-ग्रंथावली (खंड-1, 2, 3) : सं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
केशव और उनका साहित्य : डॉ. विजयपाल सिंह

देव ग्रंथावली : लक्ष्मीधर मालवीय
देव और उनकी कविता : डॉ. नगेन्द्र

पद्‌माकर कृत जगद्‌विनोद : सं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

पद्माकर ग्रंथावली : सं. विश्वविनाथ प्रसाद मिश्र

अन्य सहायक पुस्तकें -

संक्षिप्त भूषण : डॉ. भगवानदास तिवारी
हिंदी वीरकाव्य : टीकमसिंह तोमर

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र-4044 : मध्यकालीन नीति, भक्ति, प्रेम एवं संत काव्य

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न अन्य धाराओं के कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
अन्य धाराओं के कवियों व उनकी कविताओं की समझ विकसित होगी

इकाई - 1
कवि वृंद - नीति सतसई (वृंद ग्रंथावली)
दोहा संख्या-1 से 50

इकाई - 2
कवि सोमनाथ - शशिनाथ विनोद (शिवजी कौ ब्याहुलो) (सोमनाथ ग्रंथावली)
प्रथम उल्लास : 37 छंद (पार्वती जन्म)
द्वितीय उल्लास : 103 छंद (भगवान शंकर संबंध)
पंचम उल्लास - 69 छंद (भवानी शंकर विवाह)

इकाई - 3
कवि बोधा - इश्कनामा, बोधा ग्रंथावली : सं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
छंद संख्या 1 से 30

इकाई - 4
कवि रज्जब - रज्जब-वाणी : सं. बृजलाल वर्मा
गुरुदेव को अंग - 8 छंद
सबद का अंग - 5 छंद
पीव पिछान का अंग- 3 छंद
विरह का अंग - 5 छंद (कुल 21 पद)

प्रस्तावित पुस्तकें :

वृंद ग्रंथावली : जनार्दन राव चेलेर
वृंद और उनका काव्य, जनार्दन राव चेलेर

सोमनाथ व्यक्तित्व और कृतित्व : पूरनचंद टण्डन
सोमनाथ ग्रंथावली (खंड-एक, दो, तीन) : सं. सुधाकर पांडेय
सोमनाथ-रत्नावली : सं. ओंकारनाथ पांडेय

बोधा : गीता शर्मा

संत रज्जब अली : वाणी और विचार : रमेशचंद्र मिश्र
रज्जब बानी : सं. ब्रजलाल वर्मा
संत काव्य संग्रह : सं. परशुराम चुतुर्वेदी

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

(ख) <u>विकल्प : आधुनिक हिंदी साहित्य</u>

प्रश्नपत्र - 4071 : - आधुनिकता की यात्रा

हिंदी साहित्य के आधुनिक इतिहास और अवधारणाओं का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनकी कविताओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के आधुनिक युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनकी कविता की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

- आधुनिक और आधुनिकता
- पुनर्जागरण की अवधारणा
- हिंदी नवजागरण और उसकी समस्याएँ
- निर्धारित पाठ : नीलदेवी : भारतेंदु

इकाई - 2

- औद्योगिक क्रांति
- पूँजीवाद का विकास
- लोकतंत्र का विकास
- संयुक्त परिवार का ह्रास और 'व्यक्ति' का उदय
- निर्धारित पाठ : पल्लव : पंत (व्याख्या के लिए)

- उच्छ्वास
- आँसू
- अनंग
- स्वप्न
- छायापरिवर्तन

इकाई - 3

- आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का विकास

- नगरीकरण
- समाज और व्यक्ति
- आधुनिकीकरण और आधुनिकतावाद
- निर्धारित पाठ : शेखर : एक जीवनी : अज्ञेय

इकाई - 4

- मोहभंग का दौर
- सांस्कृतिक पूँजी
- सांस्कृतिक संस्थान
- सांस्कृतिक उत्पाद के रूप में कला
- निर्धारित पाठ - रागदरबारी : श्रीलाल शुक्ल

प्रस्तावित पुस्तकें :

1. The subject of Modernity - Anthony J. Casscardi
2. The Constitution of Society : Anthony Giddens
3. The Cousequences of Modernity Anthony Giddens
4. The Class Struggle Urban Contradictions : M. Castells
5. The City & Grassroots : M. Castelles.
6. आधुनिकता और आधुनिकीकरण -- रमेश कुंतल मेघ

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1

4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2

7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3

10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4

13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 4072 : आधुनिक हिंदी साहित्य की विशेषताएँ

हिंदी साहित्य के आधुनिक इतिहास का विश्लेषणात्मक ज्ञान देना
विभिन्न कवियों और उनके युग का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के मध्यकालीन युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख कवियों व उनके युग की समझ विकसित होगी

इकाई - 1

- औपनिवेशिक दौर और हिंदी भाषा जनक्षेत्र
- फोर्ट विलियम कॉलेज
- नागरी लिपि और हिंदी आंदोलन
- हिंदी खड़ी बोली की कविता का विकास

इकाई - 2

- भारतेंदु युग : पुराने और नए भावबोध का द्वन्द्व
- द्विवेदी युग : ' सरस्वती' और साहित्य का ज्ञानकांड, सुधारवाद, राष्ट्रवाद और प्राच्यवाद का प्रभाव
- छायावाद : स्वच्छंदता और यथार्थ का द्वन्द्व
- प्रेमचंद युग : आदर्शवाद और यथार्थवाद का द्वन्द्व

इकाई - 3

- प्रगतिशील आंदोलन
- प्रगतिवादी कविता
- नई कविता में व्यक्ति स्वातंत्र्य और प्रगति का द्वंद्व
- एक साहित्यिक की डायरी : मुक्तिबोध

इकाई - 4

- नई कविता पर 'नई समीक्षा' और मार्क्सवाद का प्रभाव
- नई कविता का मूल्यांकन
- कविता के नए प्रतिमान : नामवर सिंह

प्रस्तावित पुस्तकें :

रस्साकशी : वीरभारत तलवार

महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण – रामविलास शर्मा

भारतेंदु और उनका युग : रामविलास शर्मा

भारतीय साहित्य का समेकित इतिहास – नगेन्द्र

भारतेंदु युग और हिंदी भाषा की विकास परंपरा : रामविलास शर्मा

प्रेमचंद अध्ययन की दिशाएँ: **कमल किशोर गोयनका**

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
4 से 6 सप्ताह - इकाई - 2
7 से 9 सप्ताह - इकाई - 3
10 से 12 सप्ताह - इकाई – 4
13 से 14 सप्ताह सामूहिक चर्चा, विशेष व्याख्यान एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी गतिविधियाँ

Assessment Methods

टेस्ट, असाइनमेंट

प्रश्नपत्र - 4073 : आधुनिक भारतीय साहित्य का संदर्भ

हिंदी साहित्य की आधुनिकता का विश्लेषण
विभिन्न लेखकों और उनकी रचनाओं का विशिष्ट ज्ञान

Course Learning Outcomes

हिंदी साहित्य के आधुनिक युग का विशिष्ट ज्ञान
प्रमुख लेखकों की समझ विकसित होगी

इकाई 1 : गोरा - रवीन्द्रनाथ टैगोर

इकाई 2 : संस्कार - यू.आर. अनंतमूर्ति

इकाई 3 : घासीराम कोतवाल - विजय तेंडुलकर

इकाई 4 : प्रतिनिधि कविताएँ - फ़ैज़ अहमद फ़ैज़

नज़्में :

1. मुझसे पहली-सी मुहब्बत मेरी महबूब न
2. रकीब से
3. बोल
4. मौजूं-ए-सुखन

शाम-ए-शहर-याराँ :

1. गीत : चलो फिर से मुस्कराएँ
2. ढाका से वापसी पर

नक्श-ए-फरियादी :

1. तुम क्या गए के : रूठ गए दिन बहार के
2. आपसे दिल लगा के देख लिया
3. मगर दिल है के : उसकी रवाना वीरानी नहीं जाती

ज़िंदाँनामा :

1. दर्द का चाँद बुझ गया, हिज की रात ढल गयी
2. चले भी आओ के, गुलशन का कारोबार चले

प्रस्तावित पुस्तकें :

1. भारतीय साहित्य का समेकित इतिहास : डॉ. नगेन्द्र

2. समकालीन भारतीय पत्रिका (साहित्य अकादमी की फाइलें)
3. संस्कृति के चार अध्याय : रामधारी सिंह दिनकर

Teaching Learning Process

1 से 3 सप्ताह - इकाई – 1
